श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 137, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार, 23 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

EOW जांच में सामने आई पेयजल योजना में 20 करोड़ की धांधली, सीएम योगी के निर्देश पर FIR दर्ज

यूपी में जल निगम भर्ती घोटाले के बाद अब इस विभाग में हुई एक और धांधली सामने आई है। बसपा शासनकाल में पेयजल योजना में हुई 20.43 करोड़ रुपये से अधिक की धांधली के मामले में अब दोषी अफसरों पर कानूनी शिकंजा कसेगा।

लखनऊ [राज्य ब्यूरो]। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक अनियमितता के एक और बड़े मामले में एफआइआर दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। जल निगम भर्ती घोटाले के बाद अब इस विभाग में हुई एक और धांधली सामने आई है। बसपा शासनकाल में पेयजल योजना में हुई 20.43 करोड़ रुपये से अधिक की धांधली के मामले में अब दोषी अफसरों पर कानूनी शिकंजा कसेगा। यूपी सरकार के निर्देश पर आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने चित्रकूट के मऊ व बरगढ़ पेयजल योजना में हुई करोड़ों की अनियमितता के मामले में जल निगम के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता आरके वाजपेयी, एके सिंह, आरके त्रिपाठी, गिरीश चंद्र व एमसी श्रीवास्तव समेत 22 आरोपितों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की है। यह एफआइआर ईओडब्ल्यू के लखनऊ सेक्टर के थाने में दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

वर्ष 2010-11 व वर्ष 2011-12 में संचालित योजना का काम समय से पूरा नहीं किया गया था और उसमें धांधली की गई थी। शासन ने पूर्व में इस मामले की जांच ईओडब्ल्यू को सौंपी थी। जांच में अनियमितता के साक्ष्य मिलने के बाद प्रकरण में एफआइआर दर्ज किए जाने की सिफारिश की गई थी, जिसे शासन ने मंजूरी दे दी। डीजी ईओडब्ल्यू डॉ.आरपी सिंह ने बताया कि प्रकरण की जांच में सामने आया कि निर्माण कार्य में जल निगम की निर्माण एवं विद्युत यांत्रिक इकाई के साथ उप्र पावर कारपोरेशन के तत्कालीन अधिकारियों ने निर्माण कार्य में कोई रुचि नहीं ली थी। अनुबंधित फर्म मैसर्स जिंदल वाटर इंफ्रा इस्ट्रक्चर लिमिटेड व ठेकेदार नरेंद्र कुमार गुप्ता को धनराशि का भुगतान कर कार्य कराने में अधिकारियों व फर्म ने कोई रुचि नहीं ली। बिना वाटर की सप्लाई हुए ही बड़ी संख्या में वाटर मीटर की खरीद की गई। जांच में प्रथम दृष्टया 20,43,91,616 रुपये की शासकीय धनराशि के गबन की बात सामने आई है।

इनके खिलाफ कार्रवाई : ईओडब्ल्यू ने मामले में आरोपित जल निगम के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता आरके वाजपेयी, एके सिंह, आरके त्रिपाठी, गिरीश चंद्र व एमसी श्रीवास्तव, जल निगम अस्थायी निर्माण इकाई के प्रोजेक्ट मैनेजर विनय पाल सिंह, आशाराम आर्या, राम बिहारी, सहायक अभियंता एके भारतीय, बीबी निरंजन, जल निगम विद्युत यांत्रिक बांदा के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता एके अवस्थी, ओपी पांडेय, पीएन श्रीवास्तव, एसपी सिंह, जल निगम विद्युत यांत्रिक के तत्कालीन चित्रकूट के तत्कालीन अभियंता जेपी सिंह, सहायक अभियंता यशवीर सिंह, डीके सिंह, उप्र पावर कारपोरेशन के तत्कालीन अधिशाषी अभियंता अंकुर यादव, राजमणि विश्वकर्मा, जिंदल वाटर इंफ्रा इस्ट्रक्चर लिमिटेड के मुख्य अधिशाषी अधिकारी ऋषभ सेट्ठी, दिल्ली निवासी प्रबंध निदेशक ज्ञान बंसल व ठेकेदार चित्रकूट निवासी नरेंद्र कुमार गुप्ता के विरुद्ध गबन, षड्यंत्र व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। अब आरोपितों पर जांच एजेंसी का शिकंजा कसेगा।

आठ साल लटका रहा घर-घर पानी पहुंचाने का काम : चित्रकूट में घर-घर पानी पहुंचाने की इस महत्वाकांक्षी योजना को दो साल में पूरा किया जाना था, लेकिन अफसरों के भ्रष्टाचार व अनदेखी के चलते परियोजना का काम आठ वर्षों तक अटका रहा। शासन ने इस प्रकरण की जांच जुलाई 2019 में ईओडब्ल्यू को सौंपी थी। निरीक्षक सुजीत कुमार राय ने कई बार चित्रकूट जाकर मौके पर जांच की और जांच के दायरे में आए अधिकारियों व कर्मियों के बयान लिए। लंबी जांच के बाद करोड़ों का घपला सामने आया। यह भी सामने आया कि कम समय में जो काम कम लागत में पूरा हो जाना चाहिए था, अधिकारी उसे लटकाए रहे। बताया गया कि दो माह पूर्व ही परियोजना का काम पूरा हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट का अपील दायर करने में देरी पर फूटा गुस्सा, कहा- फाइल दबाकर बैठने वाले अफसरों पर नहीं होती कार्रवाई

नई दिल्ली, प्रेट्र। सुप्रीम कोर्ट ने बार- बार नाराजगी जताने के बावजूद सरकारी प्राधिकारियों द्वारा अपील दायर करने में विलंब के अनवरत सिलसिले की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह विडंबना ही है कि फाइल दबाकर बैठने वाले अधिकारियों के खिलाफ कभी कोई कार्रवाई नहीं होती। जस्टिस संजय किशन कौल, दिनेश माहेश्वरी और ऋषिकेश राय की पीठ ने बांबे हाईकोर्ट के पिछले साल फरवरी के आदेश के खिलाफ उप वन संरक्षक की अपील खारिज करते हुए विलंब से अपील दायर करने के रवैये की निंदा की। पीठ ने न्यायिक समय बर्बाद करने के लिए याचिकाकर्ता पर 15,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि इस मामले में तो अपील 462 दिन की देरी से दायर की गई और इस बार भी इसकी वजह अधिवक्ता बदला जाना बताई गई है। हमने सिर्फ औपचारिकता के लिए इस कोर्ट में आने के लिए बार- बार राज्य सरकारों के इस तरह के प्रयासों की निंदा की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सरकारी प्राधिकारी इस न्यायालय में विलंब से अपील इस तरह दाखिल करते हैं जैसे कानून में निर्धारित समय सीमा उनके लिए नहीं है। पीठ ने कहा, विशेष अनुमति याचिका 462 दिन के विलंब से दायर की गई है। यह एक और ऐसा मामला है जिसे हमने औपचारिकता पूरी करने और वादकारी का बचाव करने में लगातार लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को बचाने के लिए इस कोर्ट में दायर होने वाले प्रमाणित मामलों की श्रेणी में रखा है। शीर्ष अदालत ने इसी साल अक्टूबर में ऐसे ही एक मामले में सुनाए गए फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि उसने प्रमाणित मामलों को परिभाषित किया है, जिसका मकसद प्रकरण को इस टिप्पणी के साथ बंद करना होता है कि इसमें कुछ नहीं किया जा सकता क्योंकि शीर्ष अदालत ने अपील खारिज कर दी है। याचिकाकर्ता के वकील ने जब यह दलील दी कि यह बेशकीमती जमीन का मामला है तो पीठ ने कहा, हमारी राय में अगर ऐसा था तो इसकी भरपाई उन अधिकारियों से की जानी चाहिए जो इस याचिका के जिम्मेदार हैं। पीठ ने कहा कि हम इस याचिका को विलंब के आधार पर खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर न्यायिक समय बर्बाद करने के लिए 15,000 रुपये का जुमार्ना भी लगा रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में जुमार्ने की राशि ज्यादा निर्धारित की जा सकती थी लेकिन एक युवा अधिवक्ता हमारे सामने पेश हुआ है और हमने इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए यह रियायत दी है। कोर्ट ने जुमार्ने की राशि उन अधिकारियों से वसूले जाने का निर्देश दिया है जो शीर्ष अदालत में इतने विलंब से अपील दायर करने के लिए जिम्मेदार हैं।

भारत और जापान ने चीन को दादागिरी से बाज आने का दिया कड़ा संदेश, कहा- मिलकर करेंगे मुकाबला

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और जापान के नए रक्षामंत्री किशी नोबुओ के बीच मंगलवार को फोन पर हुई बातचीत में दोनों रक्षामंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा के मसलों पर चर्चा के दौरान संयुक्त रूप से यह राय जाहिर की है।

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली। विस्तारवादी मंशा के साथ क्षेत्रीय अस्थिरता और तनाव पैदा करने में जुटे चीन को भारत और जापान ने साफ कह दिया है कि दादागिरी के सहारे क्षेत्र में यथास्थिति को बदलने के किसी प्रयास का दोनों देश पुरजोर विरोध करेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और जापान के नए रक्षामंत्री किशी नोबुओ के बीच मंगलवार को फोन पर हुई बातचीत में दोनों रक्षामंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा के मसलों पर चर्चा के दौरान संयुक्त रूप से यह राय जाहिर की।

राजनाथ और किशी की बातचीत के बाद दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों की ओर से जारी अलग-अलग बयान में पूरे क्षेत्र में तनाव और अस्थिरता बढ़ाने की चीन की हरकतों पर बेबाक चर्चा का उल्लेख किया गया। चीन का नाम लिए बिना भारत और जापान ने अपने इस बयान के जरिये स्पष्ट रूप से लद्दाख में बीते आठ महीने से एलएसी पर यथास्थिति बदलने के चीन के जारी प्रयासों को लेकर उसे कठघरे में खड़ा किया।

जापानी रक्षा मंत्रालय ने जारी अपने बयान में साफ कहा कि दोनों रक्षा मंत्रियों ने पूर्वी चीन सागर व दक्षिण चीन सागर समेत तमाम क्षेत्रीय मसलों पर चर्चा की। मौजूदा घटनाक्रमों के मद्देनजर उनका साफ कहना था कि इस बारे में भारत-जापान का एकमत संदेश जाना चाहिए की ऐसी हरकतें क्षेत्र में तनाव बढ़ाएंगी और दोनों देश एकतरफा यथास्थिति बदलने के प्रयासों का तगड़ा मुकाबला करेंगे।

जापान का यह रुख पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन को बार-बार यथास्थिति का सम्मान करने की दी जा रही नसीहत का समर्थन करता है। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने भी दोनों नेताओं के बीच कानून सम्मत स्वतंत्र और मुक्त समुद्री आवाजाही व्यवस्था के मुद्दे पर चर्चा की बात कही।

चीन की चुनौतियों को थामने के मद्देनजर दोनों रक्षामंत्रियों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा साझेदारी को और मजबूती से जारी रखने पर जोर दिया। राजनाथ और किशी ने बहुपक्षीय रक्षा सहयोग और साझेदारी के तहत हाल में क्वाड देशों के मालाबार युद्धाभ्यास व जापानी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ की भारत यात्रा सरीखे मसलों पर चर्चा कर इनकी प्रगति पर संतोष जाहिर किया।

इस दौरान दोनों देशों की सेनाओं के बीच भारत-जापान रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के तहत सहयोग बढ़ाने पर भी बात हुई। रक्षा उद्योग और तकनीक क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों को और ऊंचाई देने पर भी सहमति जताई। कोविड-19 काल की चुनौतियों के बावजूद भारत-जापान की रणनीतिक और रक्षा क्षेत्र में साझेदारी के अपनी गति से जारी रखने पर भी दोनों देशों ने संतोष जताया।

कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन से सतर्क यूपी सरकार

क्वारंटीन होंगे पिछले 15 दिनों में विदेश से आने वाले

लखनऊ [राज्य ब्यूरो]। विदा होते नजर आ रहे कोरोना वायरस ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। कुछ देशों में वायरस की नई स्ट्रेन मिलने से उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि पिछले पंद्रह दिन में जो भी लोग विदेश से यूपी में आए हैं, उनकी तलाश करें और जांच कर क्वारंटीन कराएं। यह काम हर जिले में होगा और इसके लिए स्वास्थ्य विभाग हेल्पलाइन नंबर भी जारी करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना वायरस की संक्रमण की स्थिति की समीक्षा मंगलवार को लोकभवन में की। कोविड-19 वायरस के नए स्ट्रेन को लेकर उन्होंने खास तौर पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि विश्व में सामने आए कोरोना वायरस के नए स्वरूप को देखते हुए सावधानी और सतर्कता ज्यादा बरतनी होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में स्थानीय प्रशासन विदेश से आए लोगों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग अनिवार्य रूप से कराए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्राइवेट लैब द्वारा आरटीपीसीआर की जांच के लिए किसी भी दशा में 700 रुपये प्रति जांच से अधिक फीस न ली जाए। यदि व्यक्ति का सैंपल घर से लिया जाता है तो 900 रुपये जांच

शुल्क लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने के लिए कहा है। योगी ने प्रदेश में कोविड-19 की 95.68 फीसद रिकवरी दर पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और बेहतर करने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए इस दिशा में सभी प्रयास निरंतर जारी रखे जाएं। कोविड अस्पतालों की व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखा जाए। दवा, मेडिकल उपकरण और ऑक्सीजन के बैकअप सहित सभी व्यवस्थाएं रहें। मुख्यमंत्री ने ई-संजीवनी एप के अधिक प्रचार-प्रसार की बात भी कही, ताकि अधिक से अधिक लोग ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श ले सकें। बताया गया है कि प्रदेश में ई-संजीवनी एप का उपयोग करने वालों की संख्या अब तक तीन लाख से अधिक हो गई है।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टंडन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं सूचना नवनीत सहगल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

किसानों के विरोध और सरकार के बीच फंसा कृषि कानून

नई दिल्ली (जेएनएन)। किसानों और केंद्र सरकार के बीच जारी गतिरोध थमता नहीं दिख रहा है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की सलाह के बाद समाधान की उम्मीद दिखी है, लेकिन अभी भी कोई पक्ष अपनी बात से पीछे हटता नहीं दिखता है। केंद्र सरकार का मानना है कि इन तीनों कृषि सुधार कानूनों से बिचौलिए खत्म होंगे और किसानों की आय में इजाफा होगा। किसान इस बात पर अड़े हैं कि सरकार इनके जरिये कृषि को दी जा रही मदद सेड पिंड छुड़ाना चाह रही है। इससे बिचौलियों की जगह ज्यादा ताकतवर कारपोरेट घराने के आने का भी खतरा है। यह तो तय है कि इन तीनों कृषि सुधार कानूनों से बाजार की ताकतों और निजी क्षेत्र की भूमिका कहीं ज्यादा बढ़ जाएगी, क्योंकि इससे कांट्रैक्ट खेती को मिलेगी, खाद्य सामग्री को कहीं भी बेचने या भंडारण करने की भी इसमें सहूलियत दी गई है। ऐसे में कुछ अहम बिंदु इन कानूनों की अहमियत पर प्रकाश डालते हैं।

गरीबों में वितरित करने के लिए अनाजों की खरीद प्रक्रिया में सरकार के आने की जड़ें आजादी के बाद की हैं जब देश में पर्याप्त खाद्यान्न नहीं होता था। हरित क्रांति के बाद ज्यादा पैदावार वाली फसलों का इस्तेमाल सफल इसलिए हुआ क्योंकि सरकारों ने इनपुट लागत पर सब्सिडी के साथ उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य देना तय किया। तभी कई विशेषज्ञ मानते हैं कि अब हमें इस तरह की सहूलियत नहीं देनी चाहिए क्योंकि अब भारत जरूरत से ज्यादा खाद्यान्न

पैदा करने वाला देश है। तेजी से बढ़ता भारत का कृषि निर्यात इसकी पुष्टि करता है। हालांकि इसके विरोध में तर्क दिए जाते हैं कि औसतन पोषित खुराक लेने के मामले में भारतीय विकसित देश ही नहीं, चीन और वियतनाम से भी पीछे हैं। लिहाजा देश में जो खाद्यान्न की अधिकता दिखती है, वह घरेलू स्तर पर लोगों के कम उपभोग का नतीजा हो सकती है।

जरूरत से ज्यादा खाद्यान्न की मौजूदगी के बावजूद अगर भारतीय संतुलित खुराक नहीं ले रहे हैं तो इसकी एक वजह महंगाई हो सकती है। इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट औरअन्य के शोध निष्कर्ष बताते हैं कि भारत के ग्रामीण इलाकों में 63.3 फीसद लोग पोषित खुराक की कीमत नहीं चुका सकते। हर राज्य में अलग-अलग कमाई, किसानों के बीच गहराती आर्थिक खाई पंजाब और हरियाणा के किसान देश के अन्य हिस्सों के किसानों से ज्यादा समृद्ध हैं। सरकार द्वारा एमएसपी पर खाद्यान्न खरीदने का गैर समानुपातिक हिस्सेदारी की इसमें बड़ी भूमिका है। 2019-20 में देश भर से गेहूं और चावल खरीद का क्रमशः 65 और 30 फीसद हिस्सा सिर्फ पंजाब और हरियाणा से लिया गया। इन दोनों राज्यों की गेहूं और चावल की देश की पैदावार में हिस्सेदारी 2017-18 में 28.7 फीसद और 15.9 फीसद रही। जहां एमएसपी खरीद के संसाधन नहीं हैं, वहां निजी स्तर पर खरीद के दौरान कम कीमत चुकायी जाती है।

पंजाब जलवायु के आधार पर धान की खेती केअनुकूल नहीं है, लेकिन एमएसपी के तहत सर्वाधिक खरीद होने के चलते वहां के किसान इस फसल की सर्वाधिक खेती करते हैं। पानी की ज्यादा खपत करने वाली इस फसल ने सूबे का भूजल स्तर पालात पहुंचा दिया है। अब तो पराली जलाकर दिल्ली की हवा को खराब करने वाली एक नई समस्या सामने है।

जिद पर अड़े किसान संगठन आज भेजेंगे सरकार को जवाब

, ब्रिटिश पीएम जानसन को रोकने के लिए इंग्लैंड के सांसदों को लिखेंगे पत्र

किसान यूनियनों की बैठक का पहला दौर सुबह 10.30 बजे पंजाब की 32 किसान यूनियनों के बीच शुरू हुआ था। इसके बाद 42 किसान यूनियनों की बैठक में सरकार की ओर से भेजी गई चिट्ठी का जवाब लिखने को लेकर लंबी चर्चा चली।

सुरेंद्र प्रसाद सिंह, नई दिल्ली। किसान यूनियनें सरकार के साथ वार्ता को लेकर न सिर्फ अपनी पुरानी जिद पर कायम हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाने के लिहाज से अब ब्रिटिश सांसदों को भी पत्र लिखकर उनसे आग्रह करने की योजना है कि गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री बोरिस जानसन को आने से रोकें। संकेत साफ है कि मामला अभी लंबा खिंचेगा और देर सबेर कोर्ट के आदेश पर ही कोई राह निकलने की गुंजाइश है।

मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक सुबह 10.30 बजे से शाम छह बजे तक चली, फिर भी वे किसी सर्वसम्मत समाधान पर नहीं पहुंच सके। बताते हैं कि कुछ संगठन चाहते हैं कि बातचीत होनी चाहिए। ऐसे संगठनों का मानना था कि वार्ता के बुलावे को स्वीकार कर अपने मुद्दों को जोर-शोर से उठाना चाहिए।

मामला कोर्ट में पहुंच चुका है और ऐसा नहीं लगना चाहिए कि हम बातचीत के लिए तैयार ही नहीं हैं। बहरहाल, अब सरकार को उसकी चिट्ठी का जवाब बुधवार को भेजा जाएगा। इसे तैयार करने में कुछ कानूनविदों और वकीलों की मदद ली जाएगी।

बैठक में इन कानूनों को रद करने और संसद का विशेष सत्र बुलाकर नया कानून लाने की मांग फिर उठी। सरकार की चिट्ठी के मजमून को गुमराह करने की कोशिश बताया गया। संयुक्त किसान मोर्चा की मंगलवार को हुई बैठक में एक चौंकाने वाला फैसला किया गया है, जिसके तहत इंग्लैंड के सांसदों को पत्र लिखकर आग्रह किया जाएगा कि वे अपने प्रधानमंत्री बोरिस जानसन को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा नहीं लेने के लिए मनाएं। उन्हें किसानों की मांगों के समर्थन में बायकाट करना चाहिए।

उधर, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने मंगलवार को कहा, उन्हें उम्मीद है कि आंदोलन कर रहीं किसान यूनियनें सरकार के साथ वार्ता करने के लिए जल्द ही आएंगी। यूनियनों की अंदरूनी बैठक में कुछ ऐसा फैसला हो जाएगा जिससे समस्या के समाधान की तरफ बढ़ने में मदद मिलेगी। तोमर ने कहा कि सरकार ने उन्हें खुले मन से बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। वे अपनी सहूलियत के हिसाब से वार्ता की तिथि बता सकते हैं। कृषि मंत्रालय ने आंदोलन कर रहीं यूनियनों को रविवार को पत्र लिखकर सरकार के भेजे प्रस्तावों पर अपनी दिक्कतें बताने के लिए वार्ता में शामिल होने का न्योता भेजा है।

किसान यूनियनों की मंगलवार को हुई बैठक में कृषि मंत्रालय के पत्र का जवाब तैयार करने और वार्ता के प्रस्ताव को स्वीकार अथवा खारिज करने पर विचार-विमर्श हुआ, लेकिन कोई फैसला नहीं हो सका। किसान यूनियनों की दिक्कतों को दूर करने के लिए सरकार के साथ पांच दौर की वार्ता के बावजूद किसान नेताओं की जिद के चलते किसी समाधान तक नहीं पहुंचा जा सका है। यूनियनों ने कृषि सुधार कानूनों को रद करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी की मांग पर अड़ियल रुख अपनाए रखा।

पांचवें दौर की वार्ता में तो उन्होंने मौन धारण कर सरकार से 'हां या ना' में जवाब मांगा। इसके लिए उन्होंने कागज पर लिखे 'हां या ना' के स्लोगन को दिखाने शुरू कर दिए थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उनके प्रमुख नेताओं से वार्ता कर समस्या का हल तलाशने की कोशिश की थी, लेकिन उनकी जिद के चलते कोई समाधान नहीं हो सका। वार्ता के दौरान ही उन्होंने आंदोलन को आगे बढ़ाने की रूपरेखा घोषित कर दी थी।

किसान यूनियनों की बैठक का पहला दौर सुबह 10.30 बजे पंजाब की 32 किसान यूनियनों के बीच शुरू हुआ था। बाद में हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत कुछ और राज्यों की कुल 10 किसान यूनियनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया। पंजाब के किसान नेताओं का दबाव तीनों कृषि कानूनों को रद कर नया कानून पारित करने और एमएसपी की गारंटी पर रहा। इसके बाद 42 किसान यूनियनों की बैठक में सरकार की ओर से भेजी गई चिट्ठी का जवाब लिखने को लेकर लंबी चर्चा चली।

संक्षेप समाचार

पंद्रह मीटर चौड़ी होगी हनुमान मंदिर तक की सड़क

प्रयागराज। स्मार्ट सिटी के तहत पत्थर गिरिजाघर से हाईकोर्ट के निकट न्यायविद हनुमान मंदिर तक की सड़क पंद्रह मीटर चौड़ी की जानी है। दोनों तरफ की सड़क साढ़े सात-साढ़े सात मीटर चौड़ी होगी। पीडीए की मानें तो हनुमान मंदिर चौराहे को भी चौड़ा किया जाएगा। चौड़ीकरण के साथ ही चौराहे के सुंदरीकरण का काम भी होगा। स्मार्ट सिटी के तहत शहर की पंद्रह सड़कों का चौड़ीकरण होना है। चौड़ीकरण को लेकर पन्नालाल मार्ग, विश्वविद्यालय मार्ग और मंफोर्डगंज में विरोध हो चुका है। कार्यदाई संस्था विकास प्राधिकरण को लेकर अब न्यायविद हनुमान मंदिर को लेकर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। चौड़ीकरण का काम मंदिर को पीछे हटाए बिना संभव नहीं और अधिवक्ता इसके लिए तैयार नहीं है। विकास प्राधिकरण के अधिकारी सोमवार को भी मंदिर के पास अधिवक्ताओं से वार्ता करने गए थे। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल का कहना है कि अधिवक्ताओं से सार्थक बातचीत हुई है। जल्द ही मामला सुलझा लिया जाएगा और चौड़ीकरण का काम शुरू किया जाएगा।

कौशल विकास के लिए महिला शक्ति को आगे आना जरूरी : डॉ0 रीता जोशी

करछना। कौशल विकास के लिए महिलाओ को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी लेकर खुद आगे आना होगा इसके चलते घर पर ही रहकर छोटे छोटे उत्पाद बनाकर आत्म निर्भर बनने के लिए विभागीय प्रशिक्षण से जुडना बहुत जरूरी है। इन दिनो एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अतर्गत रामपुर स्थित बृज मंगल सिह इटर कालेज मे चल रहे 10 दिवसीय महिलाओ के प्रशिक्षण मे मंगलवार को पहुंची सासंद डा0 रीता बहुगुणा जोशी ने यह बाते कही। उन्होने कहा कि सरकार हर कदम पर महिलाओ को शसक्त और आत्म निर्भर बनाने के लिए उनके साथ है और प्रदेश और देश स्तर पर ऐसी तमाम काल्याणकारी योजनाए चलाई जा रही है जिनका लाभ लेने के लिए हुनरमद लोगो को आगे आना चाहिए। मिशन के सयोजक डा0 भगवत पाडेय ने सासद का स्वागत करते हुए कहा कि इस विद्यालय का अतीत उनकी पीढीओ से जुड़ा रहा और अपने उपस्थिति से महिलाओं मे नई जागृति को पैदा करते हुए हर स्तर पर क्षेत्र के विकास की सोच रखने वाली सासद का हर प्रयास सराहनीय है।इसके पूर्व बृजेश तिवारी और मोनू मस्ताना ने महिला शसक्तिकरण स्वच्छता अभियान और किसान गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम मे समा बाधी।सभागार मे पहुचने के पूर्व विद्यालय की छात्राओ ने फूल मालाओ से सासद का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का सचालन कवि अशोक बेशरम ने किया। प्रधानाचार्या मनीष तिवारी ने कार्यक्रम मे मौजूद सभी के प्रति स्वागत आभार ज्ञापित किया। इस मौके जिला पंचायत सदस्य त्रिवेणी प्रसाद पांडेय राजेश शुक्ला, मुनन शुक्ला मदन सिंह, मगला अमित पाडडेय, प्रेम निषाद शकुतला देवी ममता सिह मानी सिंह सरला, रविता विश्वकर्मा अनामिका यादव, सीता देवी प्रदीप श्रीवास्तव, कमलाशंकर तिवारी, सुरेश कुमार मो0 परवेज, विश्वेश ओझा, राजकुमार अशोक विश्वकर्मा समेत बड़ी सख्या में महिलाएं और लोग मौजूद रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं व संबोधित करतीं सांसद रीता बहुगुणा जोशी

खतौनी सत्यापन व केंद्रों पर धान बेचने में किसान परेशान

कौधियारा। एक तरफ प्रदेश व केंद्र की सरकार द्वारा किसानों को निर्धारित एमएसपी पर धान खरीदने का पूरा प्रयास एवं गारंटी दी जा रही है वही करछना तहसील में किसानों की खतौनी सत्यापन से लेकर के धान की तौल कराने के लिए किसान परेशान है अब तक कई केंद्र भ्रष्टाचार के आरोप में बंद किए जा चुके हैं जो संचालित हैं वहां भी तौल नहीं हो पा रही है। खतौनी सत्यापन के लिए किसान तहसील का चक्कर लगा रहे हैं फिर भी बगैर सुविधा शुल्क दिए खतौनी का सत्यापन नहीं हो पा रहा है।

करछना तहसील के उमरी तालुका कांटी निवासी रामबाबू मिश्र, अलख नारायण मिश्र, कुल्हडिया निवासी लालता प्रसाद मिश्र,मवैया निवासी विनय कुमार शुक्ल दर्जनों किसानों का आरोप है कि ऑनलाइन कराने के बाद करछना तहसील में स्थापित कंप्यूटर विभाग के बाबू द्वारा बगैर

सब जगह दलालों व बिचौलियों का बोलबाला

सुविधा शुल्क लिए किसानों की खतौनी का सत्यापन नहीं किया जाता। ऑनलाइन कराने के बाद हफ्तों से किसान तहसील का चक्कर काट रहे हैं लेकिन जब तक सुविधा शुल्क नहीं दिया जाता खतौनी का सत्यापन नहीं हो पा रहा है। किसान विनय शुक्ल ने बताया कि क्षेत्र में संचालित धान क्रय केंद्रों पर बिचौलिये पूरी तरह हाबी हैं बिचौलिये किसानो का धान पंद्रह सौ रुपए में खरीद कर किसानों की खतौनी के माध्यम से केंद्रों पर खुलेआम बेच रहे हैं किसान धान लेकर जाता है तो उसे नमी, सफेद धान या कोई अन्य बहाना कर वापस कर दिया जाता है वहीं बिचौलिये किसानो के घर से खरीद कर सीधे मिलरो के यहां पहुंचा देते हैं और खतौनी केंद्रों पर दर्ज करा कर किसानों के खाते में पैसा लगवाने का काम कर रहे हैं।

होलागढ़ में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

मंगलवार को होलागढ़ के पश्चिम नारा मद्रा दुकान का पूरा गांव के समीप की है घटना

होलागढ़। मंगलवार सायंकाल होलागढ़ थाना क्षेत्र के पश्चिम नारा मजरा दुबान का पूरा गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी ।

थाना क्षेत्र होलागढ़ के पश्चिम नारा मजरा दुबान का पूरा गांव के समीप एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल को सीएचसी अस्पातल ले जाया गया जहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया । मृतक की जेब से मिली मोबाइल में मौजूद नम्बरो पर फोन किया तो मृतक का घर पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ के हथिगवां इलाके के बिहरिया गांव निवासी हरिकेश कुमार (25) पुत्र राम आधार के नाम से शिनाख्त हुई । घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो आनन फानन में होलागढ़ थाने पहुचे। परिजनों ने बताया कि मृतक हरिकेश घर से आज शाम को अपने ससुराल प्रतापगढ़ के जेठवारा इलाके के कटरा गुलाब सिंह के पास जा रहा था। समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर नही दी गयी । पुलिस का कहना है कि शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा जायेगा ।

बुदौना गांव में अजगर मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप, वन विभाग ने लिया हिरासत

नवाबगंज। मंगलवार को नवाबगंज के बुदौना गांव में एक अजगर देख ग्रामीणों में खलबली मच गई। अजगर मिलने की खबर जैसे ही ग्रामीणों में पहुंची, तो लोगों का मजमा लग गया। सूचना पाकर वन विभाग की टीम एवं स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने अजगर को अपने कब्जे में लेते हुए अपने साथ ले गई। वहीं अजगर मिलने को लेकर ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है। जबकि अजगर देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र रहीं।

अवैध परिवहन में तीन ट्रक सीज

लालापुर। लालापुर से घूरपुर की तरह जा रहे अवैध परिवहन ट्रक को चेकिंग के दौरान लालापुर पुलिस टीम सहित अवैध खनन एवं परिवहन करके लदा ट्रक को थाने लाकर सीज कर दिया थानाध्यक्ष लालापुर अमित रॉय ने बताया कि ट्रक को रोक कर वाहन के कागजात चेक किया गया तो कोई वैध कागजात नही दिखा सका जिसको थाना लाकर अवैध परिवहन करने की धाराओं में चालान कर दिया गया। तीन ट्रक को सीज किया गया है।

छात्र व युवती से बदमाश छीन ले गए मोबाइल

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर सोमवार को बाइक सवार बदमाशों ने एक घंटे के अंदर एक छात्र व एक युवती से मोबाइल छीन कर फरार हो गए। बदमाशों की फुटेज आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे कैद हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। जानकारी के मुताबिक चक दाऊद नगर निवासी राजबहादुर यादव नैनी कोतवाली में बतौर होमगार्ड पद पर तैनात हैं और उसका पुत्र आदित्य यादव सोमवार शाम लगभग 7:00 बजे गंगापुरम स्थित एक डिग्री कॉलेज के समीप किसी कार्य हेतु गए हुए थे। इसी दौरान मोबाइल पर कॉल आने पर वह बात कर रहा था। तभी एक काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार बदमाश पहुंचे और उक्त छात्र से मोबाइल छीन कर फरार हो गए। इसके बाद बदमाशों ने एक घंटे के बाद लगभग आठ बजे पीएसी ग्राउंड के समीप रहने वाली मोनी किशोर अपने घर के समीप खड़ी थी, तभी आपचे बाइक पर सवार बदमाशों ने मोबाइल छीन कर फरार हो गए। उक्त दोनों घटित वारदात की तहरीर भुक्तभोगियों ने नैनी कोतवाली में दी है। बता दें कि इससे पूर्व रविवार को पीएसी कालोनी के समीप से हिमांशु मधुकर के हाथ से काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार बदमाशों ने मोबाइल छीन फरार हो गए थे।

ट्रक ड्राइवर को अगवा कर मांगी फिरौती, चार गिरफ्तार

नैनी। कोतवाली क्षेत्र स्थित नेहरू द्वार के समीप कार सवार चार युवकों ने एक ट्रक चालक को अगवा कर उससे पच्चीस हजार रुपए फिरौती की मांग करने लगे। पुलिस को सूचना मिलने पर चारों युवकों को गिरफ्तार कर चालक को मुक्त कराया और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिए।

जानकारी के मुताबिक सुल्तानपुर जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र के जज्जौर गांव निवासी इंद्रजीत यादव पुत्र उदय नारायण यादव ट्रक चालक है। वह मंगलवार सुबह ट्रक लेकर शहर की ओर जा रहे थे। नैनी कोतवाली क्षेत्र के नेहरू द्वार के समीप पहुंचने पर ट्रक व एक वैगनार कार में हल्की टक्कर हो गई। कार सवार चार युवकों ने चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विवाद करने लगे। बात आगे बढ़ी तो युवकों ट्रक चालक को जबरन उक्त कार से अगवा कर शहर की ओर निकल भागे, इसी दौरान कार सवार युवकों ने ट्रक चालक से दूसरे चालक का नंबर प्राप्त कर उसके मोबाइल पर अगवा कर चालक को छोड़ने के लिए पच्चीस हजार रुपए की मांग करने लगे। जैसे ही घटित वारदात की सूचना नैनी इंस्पेक्टर जीतेंद्र कुमार सिंह को मिली तो उन्होंने जेल रोड पुलिस चौकी प्रभारी विमलेश त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल शकील खान, राम अवध यादव व इसरार अहमद के नेतृत्व में एक टीम गठित किया। पुलिस टीम ने लगभग तीन घंटे के अंदर ही कार सवार चारों युवकों को प्रयागपुरम के समीप गिरफ्तार कर चालक को मुक्त कराया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए युवकों में छोटा बाघड़ा थाना कर्नलगंज निवासी शास्वत नौटियाल पुत्र राजेंद्र प्रसाद नौटियाल, गौरव शर्मा पुत्र कृपा शंकर, अमन गुप्ता पुत्र ईश्वरदीन गुप्ता व महेश गुप्ता पुत्र राजन गुप्ता शामिल थे। पुलिस ने भुक्तभोगी उक्त ट्रक चालक की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिए।

नैनी पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

पलेवा के इंतजार में पिछड़ रही गेहूं की बुवाई

शंकरगढ़। सिल्ट सफाई के लिए दो महीने से बंद पड़ी क्षेत्रीय नहरों में अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया है, जिसकी वजह से क्षेत्र की हजारों एकड़ जमीन पलेवा के अभाव में बिना बोए पड़ी है। जबकि रबी फसल की बुवाई का समय निकलता जा रहा है। बता दें कि क्षेत्र में सिंचाई का प्रमुख साधन नहर है।? टोंस पम्प नहर व यमुना पम्प नहर से सैकड़ों गांवों के किसानों के हजारों एकड़ जमीन की सिंचाई होती है। इस वर्ष 25 अक्टूबर को ही सिल्ट सफाई के लिए नहरों को बंद कर दिया गया था।जिसे अभी तक नहीं चलाया गया। क्षेत्रीय किसानों ने बताया कि नवंबर व दिसम्बर माह ही रबी फसल की बुवाई का सही समय है। लेकिन दो महीने से नहर में पानी न आने से पलेवा के अभाव में बुवाई नहीं हो पाई है।जिन किसानों ने किसी तरह पानी की व्यवस्था करके फसल बो लिया है।वह सिंचाई के अभाव में सूख रही है।किसानों ने बताया कि क्षेत्रीय किसानों ने आठ दिसंबर,दस दिसम्बर व पन्द्रह दिसंबर को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर नहर चलवाने की मांग की,लेकिन उसके बावजूद नहर नहीं चलाई गई। यही नहीं गत 21 दिसम्बर को किसान गया प्रसाद सिंह, लाल सिंह, विजय सिंह,अजय सिंह,छेदी लाल सिंह, शंकर कुशवाहा, अमर सिंह सहित दर्जनों किसानों ने सांसद श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी से मिलकर लिखित पत्र दे कर नहर में पानी छोडवाने की मांग की।

प्रणव त्रिपाठी को युवा मोर्चा काशी प्रांत की कमान मिलने पर जताया हर्ष

हनुमानगंज। महावीर ग्रुप ओफ इंस्टीट्यूशन के निदेशक प्रणव त्रिपाठी को युवा मोर्चा काशी प्रांत के अध्यक्ष बनाए जाने पर मंगलवार को विद्यालय परिवार कि ओर से लोगों को मिठाइयां बांट कर खुशी जताई गई। इस दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद भी ज्ञापित किया । दो दिन पूर्व पीएम मोदी के संसदीय काशी क्षेत्र में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यशाला समापन के दौरान मिशन मोदी अगेन पीएम के राष्ट्रीय नेतृत्व ने संगठन में कई अहम बदलाव किए हैं । मिशन की ओर से संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महामंत्री, व क्षेत्रीय युवा मोर्चा समेत कई अहम पदों में परिवर्तन किया गया जिसमें नए चेहरों को एकबार फिर मौका दिया गया है। इसके साथ महावीर ग्रुप ओफ इंस्टीटयूशन के निदेशक इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी को युवा मोर्चा काशी प्रांत के अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। जिसके खुशी में मंगलवार को हबूसामोड़ स्थित महाबीर ग्रुफ ओफ इंस्टीटयूशन के प्रशासनिक अधिकारी अजय सिंह तथा सुशील मिश्रा ने प्रणव त्रिपाठी का भव्य स्वागत किया। तथा सभी पदाधिकारियों अध्यापकों ने इस खुशी का इजहार करते हुए इस अवसर पर छात्र /छात्राओं को मिठाइयां बांट कर खुशी जताई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील मिश्रा, रजनी शर्मा, डा, तारा शंकर सिंह, गोपीकृष्ण तिवारी, अजय सिंह, सुरेश चंद्र, सचिन यादव आदि मौजूद रहे।

प्रणव त्रिपाठी को युवा मोर्चा काशी प्रांत का अध्यक्ष मनोनीत करते हुए

ठंड से रिटायर्ड जल निगम कर्मी की मौत, खेत की सिंचाई करते समय लगी थी ठंड

घूरपुर। पहाड़ों में हो रही बर्फबारी और पछुआ हवा से मैदानी इलाके में भी ठंड बढ़ गई है। घूरपुर इलाके में ठंड से एक रिटायर्ड जल निगम कर्मी की और मौत हो गई। इलाके के चौकठा गांव निवासी राजकरन पाल (60) पिछले वर्ष ही जल निगम विभाग से रिटायर्ड हुए थे। रविवार के दिन वह गेहूं की फसल में पानी लगा सिंचाई कर रहे थे कि अचानक शरीर कपकपाने लगी। परिजन कापते देख उन्हें घर ले गए और घरेलू उपचार करने लगे। लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं होने से परिजन तत्काल उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहा पर इलाज के दौरान सोमवार रात उनकी मौत हो गई।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने सुकन्या योजना के तहत घर-घर जाकर किया जागरुक

महिलाओं को जागरूक करती आकांक्षा सोनकर

लालापुर। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत गरीब और पिछड़े वर्ग से संबंधित परिवारों के घर घर जा के जागरूक की भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष आकांक्षा सोनकर ने। जिसमे लालापुर मनकामेश्वर मंडल के कु0 पलक पिता उदयराज के घर गई और बच्ची का हल चाल भी ली और घर की इस्थिति देखी तो टिन का छपारा में पालक के माता पिता और दादी माँ रहती हैं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आकांक्षा सोनकर ने दूरभाष के माध्यम से विडिओ देवेंद्र ओझा से बात की ओर सौचालय व आवास के लिए प्रथम श्रेणी में दिलाने के लिए कही और ये भी बोली कि इस परिवार की इस्थिति नाजुक हैं आप का पहला दायित्व बनता है कि दे वीडियो देवेंद्र ओझा ने आश्वासन दिए कि सरकार से जैसे बजट आता है पहला प्राथमिकता दिया जाएगा इस बात को सुन कर गोद ली हुई पलक की दादी माँ के आँख में आंसू निकल पड़े और उन्होंने आकांक्षा सोनकर को लाख दुआए दी। इस मौके पर मनकामेश्वर मंडल के कई पदाधिकारी शंकर लाल पाण्डेय जिला प्रतिनिधि, मनकामेश्वर मंडल महामंत्री शैलेंद्र पाण्डेय, मनकामेश्वर मंडल के मीडिया प्रभारी सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे।

वन्दना सिंह को प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का मिला दायित्व

होलागढ़। प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सहित सम्पूर्ण जिले में अपनी स्वयं सेवी संस्था पहल जनकल्याण समिति एवं सेवा संस्थान के माध्यम से सेवा कार्य करने वाली शिक्षिका वन्दना सिंह को राष्ट्रीय संयोजक/अध्यक्ष अनीत कुमार एवं राष्ट्रीय महासचिव ईश्वर सिंह नेगी ने प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश की कमान सौपी है।

वन्दना सिंह विगत कई वर्षों से जिले में पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं जागरूकता अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान, साक्षर भारत अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, जल संरक्षण, नशामुक्ति, नारी सशक्तिकरण लोगों को बैंकिंग सम्बन्धी सेवाओ एवं प्रधानमंत्री जी की बैंकिंग योजनाओं को जनसामान्य तक सुविधाएं देने सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लिए सेवाभावी कार्य कर रही हैं । अभी तक कोरोना वायरस के समय लॉक डाउन के चलते जरूरतमदों को उनके परिवारों के लिए विभिन्न प्रकार से सहयोग कर तथा लोगों के बीच पहुचकर जागरूक करने का कार्य भी इन्होंने किया है। इनकी नियुक्ति पर जिला गंगा पार के शिक्षक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक इंद्र देव पाण्डेय एवं प्रधानाचार्य दीनानाथ शुक्ल ने कहा कि वन्दना सिंह के मनोनयन से ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इस अभियान से जुड़ेंगी और संगठन अपने उद्देश्यों में सफल होगा। आज सम्मानित करने वालों में रेखा सिंह, दिनेश मणि मिश्र, बृजेश मिश्र,कमला कांत, दुर्गेश पाण्डेय, रामअवतार गुप्ता,म ाहेश्वरी प्रसाद तिवारी आदि शामिल थे।

वन्दना सिंह को बधाई देते हुए

गरीब महिला की मदद के लिए आगे आये समाजसेवी

करछना। बरांव गांव की एक गरीब विधवा जो गंभीर बीमारी से प्रयागराज के एक निजी अस्पताल पार्वती मे जीवन और मौत के बीच जूझ रही है जिसके दो बच्चे है उनको अनाथ होने से बचाने के लिए समाजसेवियो ने चन्दा लगाकर मदद् पहुचाने का लगा ताता।जिसके इलाज के लिए मदद् करने वाले लोगो ने आनलाइन व असप्ताल पहुचकर नगदी रूपया देकर उ,से मदद पहुचा रहे है।पहुचाई मदद् मे एक लाख के ऊपर धन सग्रह हो चुका है जिसमे राज्यसभा सासद रेवती रमण सिह द्धारा 25 हजार, 10 हजार घनश्याम कोटार्य पप्पू यादव द्धारा 10 हजार श्रीराम मिश्रा 10 हजार, सचिन वैश 7 हजार राजेश पाडेय डारेक्टर अक्ष्यवट हास्पिटल 10 हजार दिलावर सिंह 5 हजार, रईस शुक्ला 3 हजार, सुनील पटेल नवीन राय 2 हजार दिवाकर राय 1 हजार, अरविद यादव, अमिलहवा सिरसा, उमेश मिश्र प्रधान अंतहिया 5 हजार सदीप त्रिपाठी 5 हजार मा सेवा संस्थान रोकडी सहित कई लोग महिला की मदद् के लिए आगे आ रहे है।

सांसद से सभासद ने महिला अस्पताल जीर्णोद्धार की मांग

कोरांव। प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं को लेकर तरह तरह की योजनाओं को भले ही संचालित कर रही है लेकिन नगर पंचायत कोरांव में जमीनी हकीकत कुछ ओर ही नजारा देखने को मिल रहा है। कोरांव में बने महिला अस्पताल का भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और न ही महिला डॉक्टर की तैनाती की गयी है जिससे महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत कोरांव के नामित सभासद घनश्याम स्वर्णकार ने प्रयागराज सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी से मिलकर वर्षों से बने नगर पंचायत कोरांव में महिला अस्पताल की हालत पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। महिला अस्पताल में न तो महिला डॉक्टर आते है न ही कभी खुलता है। महिला अस्पताल के आसपास पूरी तरह से गंदगी का अंबार लगा रहता है। उक्त अस्पताल को जुआड़ियों व शराबियों अपने कब्जे में ले लिए है और धीरे धीरे कब्जा भी होने लगा है। ऐसे में एक तरफ योगी सरकार महिलाओं को लेकर तरह तरह की योजनाओं को संचालित कर रहे और यहाँ पर पूरी तरह से हवा हवाई ही साबित हो रहा है। सभासद घनश्याम स्वर्णकार ने इसके पूर्व भी कई बार जनप्रतिनिधियों से शिकायत की है लेकिन जनप्रतिनिधियों के कान पर जूं तक भी नही रेंग रहा है।

सासंद से महिला अस्पताल की शिकायत करते सभासद घनश्याम स्वर्णकार

चयनितों की फाइल भेजी जाए शिक्षा निदेशालय

प्रयागराज। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित शिक्षकों की नियुक्ति की फाइलों पर निर्णय लेने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने लोक सेवा आयोग पर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने आयोग अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। चयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि 13 विषयों में चयन के बाद भी उनकी फाइल औपबंधिक रूप से रोकी गई है। अभ्यर्थियों ने रोकी गई फाइल शिक्षा निदेशालय भेजने की मांग की है। चेतावनी देते हुए छात्रों ने कहा कि 22 दिसंबर तक निर्णय नहीं लिया गया तो 23 दिसंबर को एलटी ग्रेड प्रतियोगी मोर्चा आयोग पर सत्याग्रह करेगा। मोर्चा के विक्की खान का कहना है कि हिंदी, सामाजिक विज्ञान की सभी फाइल माह के अंत तक शिक्षा निदेशालय भेजी जाएं। हिंदी विषय में चयनित अभ्यर्थियों के लिए इंटर में संस्कृत की अनिवार्यता के कारण अयोग्य घोषित अभ्यर्थियों के विषय में निर्णय लेने की मांग की गई।

महाप्रबंधक ने सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट और ओपन-एयर जिम्नेजियम का किया उद्घाटन

महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे राजीव चौधरी और अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन श्रीमती ललिता चौधरी ने रेल कर्मचारियों और उनके परिवारिजनों को ट्राइसाइकिल और साइकिल वितरित की

सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्टों का उद्घाटन करते उमरे महाप्रबंधक

प्रयागराज। मंगलवार को महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय कॉलोनी में 02 नवनिर्मित सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्टों का उद्घाटन किया। खेल परिसर रेलगांव कॉलोनी सूबेदारगंज में आयोजित इस समारोह में अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन श्रीमती ललिता चौधरी, अध्यक्ष उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ और प्रमुख मुख्य इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे श्री शरद मेहता, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष, सचिव, उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन सहित संगठन की पदाधिकारीगण और अन्य अधिकारी तथा खिलाड़ी उपस्थित थे। अध्यक्ष उत्तर मध्य रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन और प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री शरद मेहता ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि महाप्रबंधक श्री राजीव चौधरी की प्रेरणा से खेलों को निरंतर बढ़ावा मिला है और उत्तर मध्य रेलवे ने खेल के क्षेत्र में कई मुकाम हासिल किए हैं और पिछले एक वर्ष में कुश्ती और जिम्नास्टिक की दो मेगा ऑल इंडिया इंटर रेलवे प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया है और जिमनास्टिक्स इवेंट में सभी जोनल रेलों के मध्य ओवरऑल चैंपियन बना। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे बोर्ड द्वारा उत्तर मध्य रेलवे को जिमनास्टिक्स के क्षेत्र में सेंटर फॉर ऐक्सीलेंस के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया है और यह कदम रेल कर्मचारियों के मध्य जिमनास्टिक और फिटनेस को बढ़ावा देने में काफी लाभदायक होगा।

इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री राजीव चौधरी ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर मध्य रेलवे के खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट के विकास, उत्तर मध्य रेलवे में खेल को बढ़ावा देने के लिए और अन्य गतिविधियों के लिए खेल संघ की सराहना की। श्री चौधरी ने विभिन्न खेल आयोजनों में भाग लेने के दौरान कोविड -19 के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों के पालन की सलाह दी। महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने रेलगांव कॉलोनी स्थित महादेवी पार्क में एक ओपन-एयर व्यायामशाला का भी उद्घाटन किया। इसके तहत रेल कॉलोनी में रहने वाले विभिन्न आयु वर्गों के निवासियों की विभिन्न व्यायाम आवश्यकताओं के अनुरूप कई फिटनेस और व्यायाम उपकरण लगाए गए है। रेल कॉलोनी में दिसंबर 2019 में स्थापित की गई इसी तरह की सुविधा रेल कर्मचारियों के मध्य बहुत लोकप्रिय है और इसी क्रम में मरीजों एवं चिकित्सा कर्मचारी आदि को ध्यान में रख कर उत्तर मध्य रेलवे केंद्रीय रेल चिकित्सालय प्रयागराज में भी इस तरह की सुविधा प्रदान करने पर विचार कर रहा है।

इस कार्यक्रम का संचालन उत्तर मध्य रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव अंकुर चंद्रा और संयुक्त सचिव विजय कुमार द्वारा किया गया।

इसके उपरांत महाप्रबंधक राजीव चौधरी और अध्यक्ष उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन श्रीमती ललिता चौधरी ने रेल कर्मचारियों और उनके परिवारिजनों को ट्राइसाइकिल और साइकिल वितरित की। इस पहल के तहत उत्तर मध्य रेलवे के स्टाफ बेनिफिट फंड(SBF) से कक्षा 6 से कक्षा 8 तक पढ़ रही रेल कर्मचारियों की बच्चियों को 48 साइकिलों एवं दिव्यांग रेल कर्मचारियों को 4 ट्राई साइकिल प्रदान की गई। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे नन्द किशोर ने रेलगांव कॉलोनी सूबेदारगंज के महादेवी पार्क में आयोजित इस समारोह में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे, अध्यक्ष उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, उत्तर मध्य रेलवे के अन्य प्रमुख विभागाध्यक्षों, सचिव, उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, संगठन की अन्य पदाधिकारीगण, मान्यता प्राप्त यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अन्य सदस्यों, रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों का स्वागत किया। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए, महाप्रबंधक श्री चौधरी ने कहा कि साइकिल के उपयोग से हमारी फिटनेस और गतिशीलता दोनों में सुधार होता है और स्कूल जाने वाली लड़कियों के मध्य यह वितरण महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस प्रशंसनीय पहल के लिए स्टाफ बेनिफिट फंड के प्रबंधकों, कार्मिक विभाग, यूनियनों और एसोसिएशनों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन अवधेश कुमार मुख्य कार्मिक अधिकारी / आईआर एवं कार्मिक विभाग मुख्यालय के अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया।

दो अभियुक्तों को चोरी की बाइक संग गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

सोरांव के होलागढ़ नहर के पास से पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान चोरी की बाइक संग दोनों को दबोचा

सोरांव। पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को दो चोरी की बाइक बरामद करते हुए धर दबोचा। पुलिस बाइक बरामद करते हुए दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। जबकि पुलिस की पूछतांछ में बाइक चोर गिरोह के सदस्यों से पूछतांछ करते हुए उनके साथियों का पता लगाने में जुट गई है। पुलिस गिरफ्तार बाइक चोर के दोनों सदस्यों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की है।

सोरांव एसआई विनय कुमार शुक्ला एवं इंदल यादव कां0 संजीत सिंह एवं स्नेह कुमार के साथ रात्रि पुलिस गश्त पर थी। एसआई विनय शुक्ला के मुताबिक पुलिस ने गश्त के दौरान होलागढ़ नहर के समीप से दो अलग-अलग बाइक से दो अभियुक्तों को रोक लिया। पुलिस के रोकते हुए दोनों अभियुक्त बाइक छोड़कर भागने लगे। अभियुक्तों को भागता देख पुलिस ने दोनों को दौड़ाते हुए धर दबोचा। पुलिस ने जब दोनों बाइकों के कागजात मांगे, तो वह कागजात दिखा नहीं सके। जब पुलिस ने दोनों अभियुक्तों से कड़ाई से पूछतांछ की, तो वह चोरी की बाइक होने की बात कहीं। पुलिस की पूछतांछ में दोनों अभियुक्तों का नाम विवेक कुमार पटेल पुत्र इंद्र बहादुर पटेल निवासी सरांयदत्ते मजरा दली का पुरा थाना सोरांव एवं दूसरा राकेश कुमार यादव उर्फ सुरेश पुत्र राम किशोर यादव निवासी सारी पट्टी थाना बहरिया बताया गया है। बाइक चोर गिरोह में विवके कुमार पटेल कई अपराधिक इतिहास पुलिस थाने में दर्ज है; पुलिस दोनों अभियुक्तों से पूछतांछ करते हुए विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

वैक्सीन लगाने के 30 मिनट बाद तक रखनी होगी नजर

प्रयागराज। कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन का इंतजार बेसब्री से हो रहा है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग इसे लेकर सभी तैयारियों को जल्द पूरा करने में जुटा है। इसी कड़ी में मंगलवार को ग्रामीण इलाकों के स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारियों को वैक्सीन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय (कॉल्विन) में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान वैक्सीनेशन की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अमित श्रीवास्तव के अनुसार, प्रशिक्षण के दौरान वैक्सीनेशन से जुड़ी समस्त जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण का मकसद वैक्सीनेशन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी से बचना है। वैक्सीन आने के बाद उसके रखरखाव, उपयुक्त तापमान, टीका लगाने का तरीका प्रमुख रूप से बताया जाएगा। खासकर वैक्सीन लगाने के बाद 30 मिनट तक संबंधित व्यक्ति पर गंभीरता से नजर भी रखनी होगी। इस दौरान उसे कोई परेशानी तो नहीं हुई, इसका ख्याल संबंधित स्वास्थ्य कर्मी को रखना है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को ग्रामीण इलाकों के स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

प्रो0 जोनाथन लाल बने मैस्ट्रिच यूनिवर्सिटी के विजिटिंग प्रोफेसर

प्रयागराज। सैम हिग्गिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय को एक और उपलब्धि हासिल हुई जब विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जोनाथन ए. लाल को मैस्ट्रिच यूनिवर्सिटी, नीदरलैण्ड का विजिटिंग प्रोफेसर नियुक्त किया गया है।

मीडिया प्रभारी डा. रमाकान्त दूबे ने बताया कि मैस्ट्रिच यूनिवर्सिटी, नीदरलैण्ड को वर्ल्ड की टाप 100 विश्वविद्यालयों में गिना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मैस्ट्रिच यूनिवर्सिटी में विजिटिंग प्रोफेसर नियुक्त होना किसी भी भारतीय प्रोफेसर के लिए गर्व का पल है। शुआट्स के निदेशक आई0पी0सी0 एवं डीन, जैकब इन्स्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एण्ड बायोइन्जीनियरिंग प्रो0 डा. जोनाथन ए. लाल, को पांच वर्षों के लिए मैस्ट्रिच यूनिवर्सिटी का विजिटिंग प्रोफेसर नियुक्त किया गया है। डा. रमाकान्त दूबे ने कहा कि शुआट्स प्रोफेसर जोनाथन ए. लाल इस दौरान मैस्ट्रिच यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर शिक्षा एवं शोध कार्य के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य करेंगे। साथ ही प्रोफेसर जोनाथन, मैस्ट्रिच यूनिवर्सिटी में बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को शिक्षित व प्रशिक्षित भी करेंगे। इस बड़ी उपलब्धि के लिए शुआट्स प्रबन्धन ने प्रो0 डा. जोनाथन ए. लाल को बधाई दी।

प्रो0 जोनाथन लाल

अवैध तरीके से की जा रही थी प्लाटिंग, पीडीएनए कराया मुकदमा दर्ज

प्रयागराज। प्रयागराज की बमरौली इलाके में रहने वाली ऊषा वाष्णेय की जमीन पर जाहिद अहमद तथा नूर हमजा अवैध तरीके से प्लाटिंग कर रहे थे। इसकी शिकायत ऊषा वाष्णेय ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी सत् शुक्ला से की । जब सत शुक्ला ने जमीन की जांच पड़ताल करायी तो भूमि पर अवैध कब्जा करके प्लाटिंग की जा रही थी। सत शुक्ला के निर्देश पर क्षेत्रीय अवर अभियंता अश्विनी कुमार ने भू माफिया जाहिद अहमद तथा नूर हमजा के विरूद्ध धूमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

जेल लोक अदालत में 26 मुकदमों का किया गया निस्तारण

केंद्रीय कारागार नैनी में जेल लोक अदालत का किया गया आयोजन

विधिक साक्षरता शिविर में निरुद्ध बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में दी गयी जानकारी

केंद्रीय कारागार नैनी में जेल लोक अदालत में उपस्थित रेलवे मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज व अन्य

नैनी। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद विनोद कुमार तृतीय के निर्देशानुसार केंद्रीय कारागार नैनी में मंगलवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें रेलवे मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज द्वारा 26 मुकदमों का निस्तारण किया गया। साथ ही केंद्रीय कारागार नैनी में विधिक साक्षरता में जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया। जेल में निरुद्ध बंदियों को उनके समस्त अधिकारों से अवगत कराया गया एवं उच्चतम व उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश से सभी को अवगत कराया गया और कोविड-19 से बचने के उपाय बताए गए। पैनल अधिवक्ता व जेल विजिटर देवेश शुक्ला ने बंदियों को उनके अधिकार के बारें में अवगत कराया। चंद्रमणि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल के बंदियों को साक्षरता शिविर के माध्यम से जागरूक किया गया कि वह जेल में रहते हुए कोविड-19 के नियमों का पालन करते रहें, हाथ धोने के लिए सैनिटाइजर व मास्क का प्रयोग करें तथा स्वयं को खुशहाल बनाए रखने के लिए जेल में खुशनुमा वातावरण बनाए रखें। इस दौरान एडवोकेट निखिल शुक्ला, नितिन श्रीवास्तव, आर के शुक्ला, डिप्टी जेलर अभय शुक्ला समेत कई लोग मौजूद रहे।

सोरांव ने वॉलीबाल प्रतियोगिता की ट्रॉफी जीती

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित

उरुवा की क्षेत्रीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी

प्रयागराज। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल प्रयागराज के सौजन्य से विकास खंड उरुवा के अंतर्गत गांवसभा अमिलियाकला के खेल मैदान पर क्षेत्रीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वॉलीबॉल खेल के अतिरिक्त लंबीकूद, ऊंचीकूद, गोला फेंक तथा दौड़ आदि की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्र के कुल 25 ग्राम सभाओं के उदयीमान खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। वालीबाल खेल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सोरांव यूथ क्लब और वॉलीबॉल क्लब मिश्रपुर के बीच खेला गया। जिसमें सोरांव की टीम ने मिश्रपुर की टीम को 15-17,15-04 और 15-09 अंकों से हराकर क्षेत्रीय ग्रामीण बालीवाल प्रतियोगिता की ट्रॉफी (शील्ड) जीत ली। इसी प्रकार से 100 मीटर दौड़ में विकास उपाध्याय ऊँचडीह प्रथम और सुनील कुमार परानीपुर द्वितीय रहे। 400 मीटर दौड़ में अश्वनी कुमार बकचुदा प्रथम और विजय कुमार कोलुआ द्वितीय रहें स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में त्रिभुवन नरवर चौकठा प्रथम और सूरज सिंह अमिलिया कला द्वितीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में अनिकेत सिंह चौकठा प्रथम और सुजीत पटेल समहन द्वितीय रहे। लंबी कूद में विवेक उपाध्याय प्रथम और विकास उपाध्याय द्वितीय रहे। गोला फेंक में सुनील कुमार परनीपुर प्रथम और अरुण कुमार औता द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं वालीबाल टीम गेम में सोरांव गांव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और मिश्रपुर गाँव की टीम दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह अश्वनी कुमार मिश्र ग्राम प्रधान अमिलिया कला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के महासचिव आर.पी. शुक्ला ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल व पुरस्कार वितरित किया। आयोजन समिति एवं युवक मंगल दल अमिलिया कला के सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। स्पोर्ट्स एकेडमी अमिलिया कला के चंद्रशेखर भारतीया ने कार्यक्रम का संचालन किया। उक्त अवसर पर लक्ष्मी पटेल, योगेंद्र कुमार, कृष्ण सिंह, मुकेश शुक्ला, बागीस द्विवेदी, ललित सोनकर, रोहित पांडेय, आनंद मिश्रा, राजकुमार तिवारी, बाबा तिवारी, ड्राइवर यादव, असकारूल हक सिद्दीकी, कार्तिकेय त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे। अंत में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उरुवा शैलेश उपाध्याय ने आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले व्यवस्थापकगण एवं निर्णायकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

हर्ष फायरिंग में घायल युवक की हुई मौत

प्रयागराज। प्रयागराज के कर्नलगंज इलाके में रविवार कि रात हर्ष फायरिंग में घायल संजीव की इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दूल्हे का नशेड़ी साथी विक्की यादव ने हर्ष फायरिंग किया था। नशे में धुत विक्की ने पिस्टल से दो राउंड गोली चलाई। तभी एक गोली सामने मौजूद संजीव के पीठ में धंसी मंगलवार को उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार कर्नलगंज थाना क्षेत्र के कटरा इलाके में रविवार की रात अपराधी काला बम के प्रीतिभोज समारोह में संजीव शादी की खुशी में शामिल होने गया था ' मंगलवार को मौत की खबर मिलते हैं परिजनों में मातम छा गया कोहराम मच गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

कर्नलगंज थाने की पुलिस का कहना है कि कटरा निवासी मनोज केसरवानी पुत्र अंजनी केसरवानी की शादी कुछ दिन पहले हुई थी। रविवार की रात प्रीतिभोज का आयोजन कटरा मोहल्ले में में था। वहां दूल्हा और दुल्हन पक्ष के साथ ही तमाम रिश्तेदार आए थे। रात में रिश्तेदार खाना खा रहे थे। इसी दौरान विक्की यादव कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और फायरिंग करने लगा। वह पूरी तरह नशे में धुत था। तभी दूल्हे ने कहा कि एक राउंड और करो फायर। इस पर विक्की ने फिर एक फायर किया और अबकी गोली पास खड़े संजीव की पीठ में जा धंसी। वह जमीन पर गिरा तो अफरातफरी मच गई। वहां मौजूद लोगों ने संजीव को लेकर अस्पताल पहुंचे डॉक्टरों ने खतरे से बाहर बताया। पर जान नहीं बचा सके।

एसपी सिटी, सीओ, इंस्पेक्टर समेत तमाम पुलिस वाले मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में संजीव को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही थी। मगर संजीव की दशा बिगड़ती गई और उसने मंगलवार दोपहर दम तोड़ दिया। संजीव पुत्र नरेशनाथ केसरवानी धूमनगंज का रहने वाला था। ठेला पर सामान बेचकर परिवार का गुजारा करता था। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि मनोज उर्फ काला बम हत्या के मामले में जेल जा चुका है। इस मामले में कर्नलगंज पुलिस कुछ लोगों से पूछताछ कर रही है।

वन्य प्राणी सप्ताह के प्रतियोगियों को किया गया सम्मानित

सम्मानित वन्य प्राणी सप्ताह के प्रतियोगी

प्रयागराज। वन विभाग,प्रयागराज एवं नेहरू युवा केंद्र, नमामि गंगे प्रयागराज के समन्वय में 'वन्य प्राणी सप्ताह' का आयोजन जनपद प्रयागराज में दिनांक 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2020 का अयोजन किया गया था। जिसके दौरान नेहरू युवा केंद्र, नमामि गंगे परियोजना के जिला परियोजना अधिकारी सुश्री एषा सिंह द्वारा प्रयागराज के अंतर्गत जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में छात्रों को वन्य जीव संरक्षण हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन व ऑफलाइन के माध्यम से किया गया। जिसमें वन्यजीव सप्ताह पर आधारित निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण छात्रों के साथ आयोजित किया था। जिसके उपलक्ष्य में आज वन विभाग द्वारा प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमे सभी प्रतिभागी, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक व गंगादूत मौजूद रहे। वन विभाग के प्रभागीय निदेशक वाई पी शुक्ला जी ने सभी बच्चो के चित्रकला व निबंध की प्रसंशा करते हुये वन्य जीव सप्ताह और वन्य जीव संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया तथा प्रमाण पत्र देने के साथ साथ उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी। तत्पश्चात सम्पूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में अपनी कुशल भूमिका में रहीं जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह को वन्य जीव सप्ताह के आयोजन हेतु प्रशस्ति पत्र देकर शुभकामनायें प्रेषित किया। नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी जागृति पाडे ने कार्यक्रम के समस्त प्रतिभागियो को बधाई देते हुए सराहना की। सम्पूर्ण कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रवि भास्कर, धीरेंद्र, शिखा कुशवाहा, गंगा दूत कृष्णकांत मौर्य , प्रतिभागी अर्पित मौर्य, ऋषभ मौर्य, जयंती वर्मा, यीशु कुशवाहा, शांतनु, आनंद,आदर्श, यशी, दिव्य, शिवंश, विनीत शर्मा, नम्रता वर्मा, की सहभागिता रही । निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम परियोजना से जुड़े स्वयं सेवक व गंगदूतो द्वारा अनलाइन लगातार 7 अक्टूबर तक चलाई गयी थी। साथ आये हुए बच्चों के माता-पिता ,भाई बहन की भी उपस्थिति रही।

अखण्ड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक
स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

सपा की जिला कार्यकारिणी एवं 11 प्रकोष्ठ के अध्यक्ष घोषित

नई कार्यकारिणी में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व, 2022 के चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी : योगेश

प्रेस वार्ता में जानकारी देते जिला सपा जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ने मंगलवार को जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुमोदन के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा जारी प्रयागराज की समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी में अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव, महासचिव संदीप सिंह पटेल, कोषाध्यक्ष गुलाब सिंह यादव सहित 7 उपाध्यक्ष एवं 15 सचिव बनाए गए हैं। 52 सदस्यीय कार्यकारिणी में 27 सदस्य हैं। पहली बार प्रदेश कार्यालय से पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही इन्हीं में से कुछ को विधानसभा प्रभारी भी नामित किया गया है। जिला महासचिव संदीप सिंह पटेल को विधानसभा बारा, उपाध्यक्षगण सर्व राम सुमेर पाल को फूलपुर, अनिल यादव को सोराव, जीत लाल पासी को फाफामऊ, पन्चू राम निषाद को मेजा, सचिवगण सर्व श्री विजय बहादुर पटेल को करछना, सोम दत्त पटेल को कोराव, रंगी लाल यादव को प्रताप पुर एवं सदस्य मुलायम यादव को हंडिया का प्रभारी बनाया गया है।

समाजवादी पार्टी के संबद्ध प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर नामित लोगों में व्यापार सभा के सुरेंद्र केसरवानी, अल्पसंख्यक सभा के मो. इसराईल, अधिवक्ता सभा के राकेश यादव, मजदूर सभा के इंद्रेश कुमार पुष्कर, शिक्षक सभा के संतोष यादव, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अभय राज यादव, अनु. जाति प्रकोष्ठ के अभिजीत उर्फ बिट्टू, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के कृपाशंकरबिंद, चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ सरताज आलम, सैनिक प्रकोष्ठ के कमलेश यादव एवं अनु जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राधेश्याम कोल नामित किए गए हैं।

इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा शासन में किसानों को धोखा मिला है। आज किसान अपनी मांगों को लेकर आन्दोलन रत है। भाजपा सिर्फ बहकावे और छलावे का काम कर रही है। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी पूरी तरह से किसानों के साथ है। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर कई दिनों से समाजवादीपार्टी के लोग किसानों के समर्थन में सड़क पर उतर कर धरना-प्रदर्शन कर किसानों का साथ दिया है। आगामी 25 दिसम्बर को पार्टी के सभा नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा गाँव गाँव में इस भीषण ठंड के मौसम में अलाव के पास बैठकर 'किसान घेरा कार्यक्रम' करेंगे। जिसमें भाजपा की कृषि नीति से होने वाले नुकसान की जानकारी दी जायगी।

सपा जिला अध्यक्ष श्री यादव ने ध्वस्त कानून व्यवस्था, कोरोना काल में पुलिसकर्मियों द्वारा आम लोगों को बेवजह परेशान किए जाने, धान क्रय केंद्रों में धान की खरीद न होने और अधिकांश केंद्र पर ताला लगा होने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी योगी राज से जनता पूरी तरह से ऊब चुकी है। स्नातक और शिक्षक एम एल सी चुनाव में सपा उम्मीदवार की जीत पर उत्साहित सपा जिला अध्यक्ष ने दावा किया कि भाजपा अपने पाप से नष्ट हो जाएगी और आने वाले 2022 में सपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में कामयाब होगी। नई कार्यकारिणी के गठन में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने और जमीनी स्तर पर मजबूती के लिए संकल्पबद्ध होने का दावा किया है।

संक्षेप समाचार

पूर्व राज्यपाल मोतीलाल वोरा के निधन पर शोक

कौशांबी। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यपाल मोतीलाल वोरा का इलाज के दौरान दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो जाने की सूचना जैसे ही जिले के कांग्रेसियों को लगी है कांग्रेसियों में शोक की लहर दौड़ गई है पूरे जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं में गम का माहौल छाया रहा इस संकट की घड़ी में कांग्रेस कार्यकताओं पदाधिकारियों ने शोक सभा आयोजित कर 2 मिनट का मौन रखा और ईश्वर से मृतक आत्मा की शांति की प्रार्थना किया है एवं मृतक परिवार के लोगों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है । उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोतीलाल वोरा के निधन पर शोक सभा का आयोजन शेखपुर रसूलपुर गांव में दिनेश कुमार पासवान के निवास पर किया गया है मोतीलाल वोरा के निधन पर शोक सभा की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रवि प्रकाश रावेंद्र ने कहा कि मोतीलाल वोरा कांग्रेस पार्टी के धरोहर के रूप में रहे और उनके निधन के बाद कांग्रेस ने अपने घर के मुखिया को खो दिया है। कार्यक्रम में डॉ वीके दीक्षित नीलम प्रकाश कुंदन मौर्या भागीरथी यादव संतोष यादव विनोद सिंह सागर दुबे हेमंत रावत शिरीष कुमार सिद्धार्थ कुमार केनई यादव पवन साहू रहे।

बेटे को खोजने की बृद्ध ने लगाई गुहार

कौशांबी। प्रतापगढ़ जनपद के हथगवा थाना क्षेत्र के बरौंधा गांव निवासी आशिक अली पुत्र हाजी लाल मोहम्मद के बेटे राशिद अली ने फूलचंद्र सरोज की पुत्री कविता सरोज के साथ अंतरजातीय विवाह 11 वर्ष पूर्व किया था कविता सरोज की रिश्तेदारी कौशांबी जनपद के सराय अकिल थाना अंतर्गत तिल्हापुर गांव में है बीते कुछ महीने से कविता अपनी रिश्तेदारी तिल्हापुर में रह रही है कविता का पति राशिद अली भी तिल्हापुर आया था लेकिन अचानक राशिद अली गायब हो गया है उसके मोबाइल पर भी राशिद के पिता और परिजनों से बात नहीं होती है जिससे राशिद के परिजन परेशान हैं और उन्होंने पुलिस अधीक्षक कौशांबी को शिकायती पत्र देकर राशिद और कविता के प्रेम विवाह की कहानी बताते हुए बताया कि राशिद को गायब कर दिया गया है और राशिद को गायब करने में कविता के पिता और उनके रिश्तेदारों को आरोपित किया गया है। राशिद के पिता आशिक अली ने पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र देकर राशिद को खोजने की गुहार लगाई है।

डीएम ने उप कृषि निदेशक कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

जिलाधिकारी ने अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु दिये निर्देश

उप कृषि निदेशक के औचक निरीक्षण में जानकारी लेते जिलाधिकारी

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने आज पूर्वान्ह में उप कृषि निदेशक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तो 09 कर्मचारी मनोज कुमार, विभा यादव, डेविड कुमार, अनिमेश पटेल, ध्रुव कुमार, सुनील सिंह, अमित कुमार, प्रशान्त सिंह एवं विजय कुमार अनुपस्थित पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने अनुपस्थित सभी कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु उप कृषि निदेशक डा0 रघुराज सिंह को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने इस दौरान कार्यालय के विभिन्न पटलों का भी निरीक्षण किया।

बीएसएल-2 लैब स्थापना के उपकरणों का किया डीएम ने किया निरीक्षण

डीएम ने एल-2 चिकित्सालय में कोविड-19 की रोकथाम व बचाव हेतु अधिकारियों के साथ की बैठक

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने आज एल-2 जिला महिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों के साथ कोविड-19 के बचाव एवं रोकथाम के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि कोविड कमाण्ड सेन्टर पर जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यिटी लगायी गयी है वह प्रतिदिन कन्ट्रोल सेन्टर से आरआरटी टीम की निरन्तर जानकारी प्राप्त करते रहे यदि निरीक्षण के दौरान आरआरटी टीम अनुपस्थित पायेक्ष जाये तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने प्रतिदिन जांच हेतु भेजे जाने वाले सैम्पल के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की तथा सर्विलान्स टीम की सक्रियता बढ़ाते हुये अधिक से अधिक लक्षणयुक्त सैम्पल जांच हेतु भेजने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि पाजिटिव व्यक्तियों के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों की जांच अवश्य की जाये तथा कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कन्ट्रोल सेन्टर परक्ष व्यक्तियों द्वारा कोविड-19 के सम्बन्ध में जानकारी, ईलाज, स्वास्थ्य सम्बन्धी महत्वपूर्ण बाते एवं अन्य पूछे गये प्रश्नों का सन्तोषजनक उत्तर दिया जाये, कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये एवं मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये। भर्ती मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक भोजन देने के साथ-साथ उनका देखभाल बेहतर ढंग से किया जाये ताकि मरीजों को कोई दिक्कत न होने पाये। बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी कोविड अस्पताल के ऊपर बन रहे आरटीपीसीआर की जांच हेतु बीएसएल-2 लैब स्थापना के सम्बन्ध में आये हुये उपकरणों को देखा एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द बीएसएल-2 लैब के समस्त कार्यो को अपनी निगरानी में अच्छे ढंग से कराये जिससे प्रयोगशाला को प्रारम्भ किया जा सके।

ट्रक की टक्कर से गिरे विद्युत पोल का दृश्य।।

ट्रक की टक्कर से बिजली के कई पोल टूटे

प्रतापगढ़। अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क किनारे लगे बिजली के पोल व तार टूट गए। पोल टूटने की वजह से सड़क पर यातायात भी प्रभावित है और आधा दर्जन मोहल्ले की बत्ती गुल है।नगर के राजापाल चैराहे से सदरमोड रोड पर तेलिया चैराहे के करीब सोमवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क किनारे लगे बिजली के कई पोल टूट गए जबकि गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नही हुआ।पोल टूटने की वजह से सदर बाजार,अजित नगर,आजाद नगर सहित आधा दर्जन मोहल्ले की बिजली आपूर्ति ठप है।बिजली विभाग के कर्मचारी मरम्मत कार्य शुरू किया है।अनुमान है कि दो दिन तक मरम्मत के बाद ही आपूर्ति चालू होगी।हैवी ट्रैफिक होने से मंगलवार को सुबह से शाम तक इस रोड पर जाम का झाम रहा।

अंतर्जनपदीय दो लुटेरों को गिरफ्तार कर सात बाइक मोबाईल तमंचा पुलिस ने किया बरामद

कौशांबी के साथ-साथ पड़ोसी जनपदों में लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग के सदस्य पुलिस गिरफ्त में

बरामद बाइक और साथ में खड़े लुटेरे

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना पुलिस ने अंतर प्रांतीय दो लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की मोटरसाइकिल मोबाइल फोन और अवैध तमंचा बरामद किया है पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है पकड़े गए आरोपी कौशांबी के साथ-साथ पड़ोसी जनपदों में भी लूट की घटनाओं को अंजाम देते हैं आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने सात मोटरसाइकिल पांच स्मार्ट मोबाइल फोन और दो अवैध तमंचा बरामद करने का दावा किया है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के दिवार कोतारी गाव की रहने वाली रेनू चौधरी पत्नी संजय चौधरी के साथ कुछ दिन पहले लूट की घटना हुई थी।जिसका मुकदमा दर्ज कर सराय अकिल पुलिस विवेचना कर रही थी।तिलहापुर चौकी इंचार्ज हनुमान प्रताप सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो लोग ग्राम बजहा मुसिर भट्ठा के पास किसी घटना को अंजाम देने के लिये खड़े है।सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज हनुमान प्रताप सिंह मय फोर्स मौके पर पहुँच कर घेराबंदी किया और दोनों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिसिया पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम राहुल द्विवेदी पुत्र मनीष द्विवेदी निवासी ग्राम कपुरीपुर मजरा उरई अशरफपुर थाना व जनपद कौशाम्बी बताया दूसरे ने अंकुर त्रिपाठी पुत्र स्व0 इंद्रपाल त्रिपाठी निवासी ग्राम कनैली के बताया।रेनू चौधरी लूट कांड में यह दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। दोनों बदमाशो की निशानदेही पर पुलिस ने सात बाइक,पांच स्मार्ट मोबाइल फोन,सहित दो अवैध तमंचा बरामद किया।प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने जानकारी दिया कि यह लोग चित्रकूट और कौशाम्बी जनपद में लूट और छिनैती जैसी घटना को अंजाम देते थे।दो बदमाशो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।और इनके गैंग में कितने लोग है जांच कर कारवाही की जाएगी।

स्थानीय अभिसूचना इकाई के जीर्णोद्धार भवन का उद्घाटन

कौशांबी। पुलिस अधीक्षक श्री अभिनंदन द्वारा स्थानीय अभिसूचना इकाई भवन कौशांबी के जीर्णोद्धार भवन का उद्घाटन मंगलवार को किया गया है अभी तक स्थानीय अभिसूचना इकाई का भवन जर्जर अवस्था में चल रहा था पुलिस अधीक्षक के प्रयास से इस भवन का मरम्मती करण और सौन्दरीकरण हो गया है भवन के मरम्मत हो जाने के बाद कार्यालय का रखरखाव बेहतर होगा इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनंदन ने कहा कि स्थानीय अभिसूचना इकाई कार्यालय में कुछ काम कराया जाना शेष रह गया है जिसको कराए जाने का निर्देश उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक को दिए हैं उद्घाटन के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक एलआईयू इंस्पेक्टर प्रेम नारायण कुशवाहा सहित विभाग के उप निरीक्षक व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

खेत की सुरक्षा के लिए लगे तार में दौड़ रहे करेंट की चपेट में आने से किसान की मौत

कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में हत्या की खबर पर क्षेत्राधिकारी मंझनपुर व प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह तथा एसओजी प्रभारी संजय गुप्ता सर्विलांश टीम के सुरेन्दर सिंह के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण मे पाया गया कि मृतक की मौत बिजली के करेंन्ट से हुई है। परिजनो की तहरीर के आधार दोषी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के टोनहा का पूरा मजरा पूरब शरीरा निवासी राम सिंह सोमवार की रात घर से खेत मे पानी लगाने गया था। पडोसी खेत मालिक बच्ची लाल ने पशुओं से खेत की सुरक्षा के लिए खेत के चारो तरफ तार लगा रखा है जिसमे उसने बिजली का करेंट दौडा रखा था। जिसे राम सिंह ने छू लिया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई`सुबह जब परिजन खेत गये तो देखा कि राम सिंह खेत मे मृत पडे है` परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए शव मिलने की सूचना थाना प्रभारी को दी` उन्होने उच्चाधिकारियों को शव मिलने की जानकारी दिया `सूचना पर घटना स्थल पर क्षेत्राधिकारी मंझनपुर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच मे तथ्य सामने आया कि खेत की सुरक्षा मे लगे तार मे करेंट के कारण मौत हुई है`पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र देवमूरत सिंह की तहरीर पर बच्ची लाल के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया।

दुश्मनों से भयभीत ब्लॉक प्रमुख ने प्रशासन से मांगी सुरक्षा

7 दिसंबर 2014 को ब्लाक प्रमुख के पिता को दिनदहाड़े पुरामुफ्ती कोतवाली के ठीक सामने गोलियों से भून दिया गया था

कौशांबी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और विकासखंड चायल के ब्लॉक प्रमुख सोनू कुमार दुश्मनों से भयभीत हैं 7 दिसंबर 2014 को उनके पिता को दिनदहाड़े पुरामुफ्ती कोतवाली के ठीक सामने गोलियों से भून दिया गया था पिता के हत्यारों को वह सजा दिलाने के लिए प्रयासरत हैं जिसके चलते उनकी दुश्मनी और बढ़ चुकी है कई बार पूर्व में उन पर प्राणघातक हमले भी किए गए थे लेकिन ईश्वर का शुक्रगुजार था कि वह बच गए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर चायल ब्लॉक प्रमुख सोनू कुमार ने सुरक्षा मांगी है। उनका कहना है कि उन्हें सरकारी गनर सुरक्षा में उपलब्ध कराया जाए सोनू कुमार का कहना है कि उनके दुश्मन उनके जान के पीछे पड़े हुए हैं और उन्हें सुरक्षा नहीं मुहैया कराई गई तो दुश्मन उन पर हमला करने में सफल हो सकते हैं इसके पूर्व सोनू कुमार की सुरक्षा में प्रशासन द्वारा सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे लेकिन राजनैतिक उठापटक के बीच उनके सुरक्षाकर्मियों को प्रशासन ने हटा दिया है जिससे सोनू कुमार के विरोधी मौके की तलाश में है।

विभिन्न माध्यमों से कोविड–19 से बचाव की दी गई जानकारी

निबंध प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

कौशाम्बी। क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार प्रयागराज द्वारा कोविड-19 से बचाव व जीवन शैली में परिवर्तन के लिए चलाये जा रहे दस दिवसीय जागरूकता प्रचार अभियान के तहत आज विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर में छात्र-छात्राओं के मध्य निबन्ध, प्रश्नोत्तरी, भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर विजयी प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा ताइक्वाण्डो, एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा कोरोना पर नुक्कड नाटक तथा स्काउट और गाइड द्वारा कोरोना पर लघु नाटिका व ड्रम और बैंड पार्टी का प्रदर्शन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य राहुल शुक्ल ने कौशाम्बी के ग्रामीण क्षेत्रों में विभाग द्वारा कोविड-19 के बारे में दी जा रही जानकारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस अभियान से ग्रामीण जनता को विशेष रूप से कोरोना संक्रमण से कैसे बचा जाए इसकी जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में लगभग चालिस किमी के आसपास से छात्र व छात्राएं पढ़ने आते हैं और इस प्रकार के विशेष कार्यक्रम में आज कोविड-19 के बारे में मिली जानकारी को वे अपने अपने क्षेत्रों में आम जनमानस को जागरूक करने के लिए पोस्टर, बैनर और पैम्पलेट के माध्यम से जागरूक करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के संदेश जब तक दवाई नही तब तक ढ़िलाई नहीं को हर समय ध्यान में रखे जाने की जरूरत है। ब्यूरो के उप निदेशक आरिफ रिजवी ने बताया कि कौशाम्बी के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चलाये जा रहे दस दिवसीय कोविड-19 जागरूकता अभियान में अधिक से अधिक ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों की जनता और विशेष रूप से युवाओं को जोड़कर कोरोना संक्रमण से बचाव का संदेश देने के लिए विभिन्न स्कूल कालेज में कार्यक्रम आयोजित करके बच्चों को इस जन आन्दोलन से जोड़ा जा रहा है। 25 दिसम्बर, 2020 तक कौशाम्बी जनपद में चलने वाले अभियान के दौरान सचल प्रदर्शनी के साथ माईकिंग, बैनर, पोस्टर्स, स्टीकर, हैण्डबिल्स व सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा लोगों को जागरूक किया जायेगा। ब्यूरो के राम मूरत के सहयोग से आयोजित प्रश्नोत्तरी व निबन्ध प्रतियोगिता के हर्ष, अमन, रितिका त्रिपाठी, रितिका शुक्ला, शेख अलमिजान, ताहा निजाम, अनुराधा, तरन्नुम, यश व अभिषेक को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के राकेश मालवीय ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि जानकारी ही कोरोना से बचाव है। कोरोना से बचने के दो गज की दूरी मास्क जरूरी के नियम का कड़ाई से पालन करना होगा। सोमनाथ पाण्डेय ने कहा कि स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई भी समस्या होने पर सरकारी अस्पताल में डाक्टर से परामर्श लेना चाहिए और कोई शंका होने पर टोल फ्री नं0 1075 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। विभाग के पंजीकृत हरविन्द कुमार यादव लोकगीत पार्टी प्रयागराज द्वारा विशेष रूप से कोविड-19 पर बनाये गये लोकगीत तथा जादूगर योगेन्द्र एण्ड पार्टी द्वारा जादू के माध्यम से छात्र-छात्राओं को कोविड-19 के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान नकुल तिवारी, फातिमा उस्मानी, दीक्षा अग्रहरी व तरन्नुम काजमी आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे उक्त जानकारी आरिफ हुसैन रिजवी उप निदेशक ने दी है।

तहसील के बाहर सोए व्यक्ति को वृद्ध आश्रम में दिया आश्रय

कौशाम्बी। कड़कड़ाती ठंड में जिले का एक भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे ना सोने पाए इसके लिए जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को स्पष्ट तौर पर निर्देश दे रखे हैं इसी निर्देश के क्रम में वृद्ध जन आश्रम संचालक रविवार की रात मंझनपुर और उसके आसपास सड़कों पर भ्रमण पर निकले मंझनपुर तहसील के बाहर एक वृद्ध खुले आसमान के नीचे सो रहा था उस वृद्ध को वृद्ध जन आश्रम संचालक ने आश्रम में आश्रय दिया है। डीएम के निदेर्शानुसार वृद्ध आश्रम संचालक आलोक राय रात्रिकालीन भ्रमण पर निकले रविवार को रात में तहसील परिसर के बाहर खुले में सोए हुए बुजुर्ग को वृद्धाश्रम में शिफ्ट किया गया और उसे रजाई गद्दा भोजन आदि की व्यवस्था कराई गई।रात में बेसहारा कोई भी खुले छत के नीचे सो रहा है या घूम रहा है तो जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार रैन बसेरा में रुकवाने का भी कार्य वृद्धजन आश्रम संचालक और नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है।

वृद्ध को ले जाते

धर्माचार्य अनिरुद्ध रामानुज दास ने प्रतापगढ़ को किया गौरवान्वित : विधायक

प्रतापगढ़। सर्वोदय सद्भावना संस्थान द्वारा शैल श्याम पैलेस में धमार्चार्य अनिरुद्ध रामानुज दास का जन्मोत्सव संत दिवस के रूप में डॉक्टर प्रशांत शुक्ला करपात्री इंटर कॉलेज रानीगंज सहित अनेकों विद्यालयों के प्रबंधक की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर साहित्यकार पत्रकार अधिवक्ता एवं शिक्षक गणों का जमावड़ा रहा।

भक्तों द्वारा सुंदरकांड का पाठ हुआ तथा महिलाओं ने भजन संकीर्तन किया । मुख्य अतिथि अभय कुमार धीरज ओझा एडवोकेट विधायक ने कहा कि पांडे जी ने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए राजनीतिक जीवन से अलग होकर अपना जीवन समर्पित किया।आपने मेरे अनुरोध पर 51 शक्तिपीठों में एक मां वाराही देवी धाम को शास्त्रों के आधार पर अपनी पुस्तक वाराही महात्मय के द्वारा यह प्रमाणित किया कि जहां माता सती का दंत का अग्रभाग गिरा था। वह इसी वाराह क्षेत्र में अवध की पावन धरती पर गिरा था और यही मां वाराही देवी है जो प्रतापगढ़ में स्थित है। आज तक जो बात प्रमाणित नहीं हो पाई थी उसे आपने शास्त्रों के आधार पर प्रमाणित किया इससे आप ने जनपद का गौरव बढ़ाया। जैसे त्रिपुरसुंदरी के नाम पर त्रिपुरा नाम से जाना जाने लगा वैसे ही एक दिन यह प्रतापगढ़ वाराही देवी धाम के नाम से जाना जाएगा। दांदूपुर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर सरकार द्वारा वाराही देवी के नाम पर स्टेशन का नामकरण किया गया है। हमारे मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी सदैव संतो का सम्मान करते हैं। आज मैं धमार्चार्य ओमप्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास जी का सम्मान करके अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मेरा मानना है कि गोस्वामी तुलसीदास जी का अवतार राजापुर प्रतापगढ़ में हुआ था। पांडे जी से मेरा अनुरोध है कि शास्त्रों के आधार पर कृपया प्रमाणित करें कि क्या यह सत्य है कि गोस्वामी जी यही अवतरित हुए थे। उक्त अवसर पर विधायक द्वारा धमार्चार्य को श्रीमद्भागवत महापुराण दक्षिण मुखी शंख एवं पत्थर का पद्म तुलसी की माला एवं छड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिव प्रकाश मिश्र सेनानी संतोष दुबे पूर्व सभासद दिनेश शर्मा प्रतिनिधि डॉ महेंद्र सिंह मंत्री जल शक्ति राजेश शुक्ला नीरज ओझा संगम लाल त्रिपाठी भंवर कविवर श्याम जी सुनील प्रभाकर प्रदीप शुक्ला अध्यक्ष परशुराम सेना विशाल नाथ त्रिपाठी शिव शंकर सिंह देवेंद्र ओझा एडवोकेट देवानंद मिश्रा एडवोकेट शिवाकांत मिश्रा एडवोकेट संतोष त्रिपाठी एडवोकेट जमुना प्रसाद शुक्ला एडवोकेट कृष्ण चंद्र पांडे एडवोकेट विश्वनाथ त्रिपाठी एडवोकेट सुरेश पांडे नेताजी गुड्डू सिंह हैप्पी सिंह नारायणी रामानुज दासी गीता मिश्रा लक्ष्मी मिश्रा निधि सिंह मीना सिंह इंजीनियर अनामिका अनीता पांडे डॉ अवंतिका पांडे मधु पांडे डॉ अंकिता पांडे सुमन सिंह प्राचार्य बंदना जायसवाल शिवांगी सिंह वितिन जयसवाल आदि रहे।

अनिरुद्ध दास को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते विधायक धीरज ओझा।

सामाजिक कार्यों में महिलाओं की भूमिका अहम : प्राचार्य

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित आजीविका स्वयं सहायता समूह के सामाजिक कार्य समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान (अफीम कोठी) में शुरू हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के प्राचार्य शिव प्रकाश ने कहा कि आज समाज में महिलाएं अपने कार्यों से समाज में छाप छोड़ रही हैं।आजीविका मिशन से उनके जीवन में क्रान्तिक बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यों में महिलाओं की भूमिका अहम है। पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने बतौर प्रशिक्षक महिलाओं को सामाजिक कार्यों से जुड़कर समाज को नई दिशा देने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि समूह की समूह से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आने वाले पीढ़ियों को सम्पन्नता की राह दिखा रही हैं। इसके पूर्व मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर आरपी चैधरी, भूपेंद्र सिंह, कविता देवी, सुमन देवी एवं किताबुल निशा आदि रहे।

सामाजिक कार्य समिति केसदस्यों के प्रशिक्षण का दीप जलाकर किया शुभारम्भ